हरियाणा की 'रेशमा'बनी भारत में सबसे ज़्यादा दूध देने वाली भैंस

चर्चा में क्यों?

28 फरवरी, 2022 को नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड **(NDDB)** द्वारा हरियाणा के कैथल के बूढ़ा खेड़ा गाँव की मुर्राह नस्ल की 'रेशमा भैंस'को 33.8 लीटर दूध देने के लिये सर्टफिकिट प्रदान किया गया। इसके साथ ही रेशमा पूरे भारत में सबसे ज़्यादा दूध देने वाली भैंस बन गई है।

प्रमुख बिंदु

- रेशमा ने पहली बार जब बच्चे को जन्म दिया तो 19-20 लीटर दूध दिया था। दूसरी बार उसने 30 लीटर दूध दिया। जब तीसरी बार रेशमा माँ बनी तो 33.8 लीटर दूध के साथ एक नया कीर्तमिान स्थापति किया।
- कई डॉक्टरों की टीम ने रेशमा का 7 बार दूध निकालकर देखा, जिसके बाद वह भारत में सबसे ज़्यादा दूध देने वाली भैंस बन गई। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड **(NDDB)** की सर्टफिकिट साथ रेशमा उन्नत किस्म की पहले नंबर की श्रेणी में आ गई है। इसकी दूध की फैट की गुणवत्ता 10 में से 9.31 है।
- रेशमा ने डेयरी फार्मिंग एसोसिएशन की तरफ से लगाए गए पशु मेले में भी 31.213 लीटर दूध के साथ प्रथम पुरस्कार जीता है। इसके अलावा और भी कई इनाम रेशमा ने जीते हैं।
- उल्लेखनीय है कि हरियाणा सहित पूरे देश में प्रसिद्ध रहे मुर्राह नस्ल के भैंसा 'सुल्तान' के मालिक नरेश व राजेश बेनीवाल ही रेशमा के भी मालिक हैं। सुल्तान वर्ष 2013 में हुई राष्ट्रीय पशु सौंदर्य प्रतियोगिता में झज्जर, करनाल और हिसार में राष्ट्रीय विजेता रह चुका था।
- सुल्तान सालभर में 30 हज़ार सीमेन की डोज देता था, जो लाखों रुपए में बिकती थी। सुल्तान की सितंबर 2021 में मौत हो गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-reshma-largest-milk-producing-buffalo-in-india